Padma Shri



PROF. SHADAB MOHAMMAD

Prof. Shadab Mohammad is presently working as Dean, Faculty of Dental Sciences and Head, Department of Oral & Maxillofacial Surgery, King George's Medical University, Lucknow, Uttar Pradesh. He is one of the outstanding Oral & Maxillofacial Surgeons of North India. He is also one of the pioneer in Oral & Maxillofacial Surgeons of the country.

2. Born on May 6, 1960 in Faizabad, UP , Prof. Shadab Mohammad received his BDS degree in 1984 from King George's Medical College, Lucknow and received his MDS degree in Oral and Maxillofacial Surgery in 1987 from King George's Medical College, Lucknow. He joined as a Lecturer in the Department of Oral and Maxillofacial Surgery King George's Medical University in 1990 .

3. Prof. Shadab Mohammad has been involved in teaching for more than 30 years. His responsibilities involved organizing, developing & conducting various teaching programmes and scientific activity and have got about 30 years clinical experience. His clinical areas especially include TMJ Surgery, Orthognathic Surgery, Maxillofacial Trauma Surgery, Dental Implants, Rhinoplasty , Oral Surgery etc. He has published about 150 research papers in reputed indexed scientific International & National journals. He has published books on Oral and Maxillofacial Surgery and have written chapters in Dental Surgery textbooks, apart from being on editorial board of several scientific journals.

4. Prof. Shadab Mohammad has been involved with techniques which gives cheaper treatment options to the Indian population. For example Replacement of Temporamandibular Joint which cost about 2 to 3 lac rupees, if imported. But he has developed a very cheap option of this with Acrylic Temporamandibular Joint which cost about 1500 rupees and it is as good as imported one and very useful for poor unaffordable patients. He has been developing cheaper jaw point (Temporamandibular Joint) for poor patients. The Faculty of Dental Sciences has been ranked at first and second by various agencies like India Today / Outlook Magazine etc. During his tenure as Dean, Faculty of Dental Sciences has also been recognized by Royal College of Physicians and Surgeons Glasgow, U.K., a rare honour under his mentorship as Dean.

5. Prof. Shadab Mohammad is the récipient of several International memberships and Fellowships to name few as MFDS RCPS (Glasgow UK), BAOMS (UK) , FPFA (USA), FICOI (USA), FICD (USA) , WHO Fellowship (Switzerland), TC White Fellowship (Glasgow UK) , AO Fellowship (Germany). To his credit he has received several awards in the field of Oral & Maxillofacial Surgery to name few as Vagbhatt Chikitsa Sewa Gaurav Award, UP Ratan Award, Nagrik Gaurav award, Awadh Kohinoor Award , Public Appreciation Award by Ahfam – e- Zama Society , Awadh Samman by Samagra Sewa Sansthan, Lifetime Achievement Award at UPAOMSI , Best Prof. & HOD Award, Best faculty Award from EET CRS 5th Science & Technology Awards , Best Teacher Award from King George's Medical University, Best Teacher Award from Craniofacial Research Foundation Academy, Best Teacher Award from International college of Dentist, Awadhnama Teacher of the Teachers Award , Bharat Gaurav Award by India International Society and Dr. Ejaz Rizvi Memorial Trophy .

पद्म श्री

प्रोफेसर शादाब मोहम्मद



प्रोफेसर शादाब मोहम्मद वर्तमान में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत मेंडीन, फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज और हेड, डिपार्टमेंट ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, के पद पर कार्यरत हैं। आप उत्तर भारत के उत्कृष्ट ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जनों में से एक है। आपका देश के ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जनों में अग्रणी स्थानहै।

2. आपका जन्म 6 मई, 1960 को उ.प्र. के फैजाबाद में हुआ था। आपने 1984 में किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, लखनऊ से बीडीएस की डिग्री प्राप्त की और किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेजलखनऊसे 1987 में ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में एमडीएस की डिग्री प्राप्त की। आपने 1990 में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग में व्याख्याता के रूप में कार्य-भार ग्रहण किया।

3. आप 30 से अधिक वर्षों से शिक्षण कार्यमें लगे हुए हैं। आपकी जिम्मेदारियों में विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों और वैज्ञानिक कार्यों का आयोजन, विकास और संचालन शामिल है और आपके पास लगभग 30 वर्षों का नैदानिक अनुभव है। टीएमजे सर्जरी, ऑर्थोगनाथिक सर्जरी, मैक्सिलोफेशियल ट्रॉमा सर्जरी, डेंटल इम्प्लांट्स, राइनोप्लास्टी, ओरल सर्जरी आदि आपके विशेष नैदानिक क्षेत्र हैं। प्रतिष्ठित इंडेक्स्ड वैज्ञानिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं में आपके लगभग 150 शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं। कई वैज्ञानिक पत्रिकाओं के संपादकीय बोर्ड में होने के अलावा आपने ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी पर पुस्तकें भी प्रकाशित की हैं और डेंटल सर्जरी से संबंधित पाठ्यपुस्तकों के अध्याय लिखे हैं।

4. आप उन तकनीकों से जुड़े हैं जो भारतीय आबादी को सस्ते उपचार के विकल्प प्रदान करती हैं। उदाहरण के लिए टेम्पोरामैंडिबुलर ज्वाइंट का प्रतिस्थापन जिसके आयात पर लगभग 2 से 3 लाख रुपये का खर्च आता है। लेकिन आपने ऐक्रेलिक टेम्पोरामैंडिबुलर ज्वाइंटका एक बहुत सस्ता विकल्प तैयार किया है, जिसकी कीमत लगभग 1500 रुपये है और यह आयातित ज्वाइंट के समान ही अच्छा है और इतना खर्च उठाने में असमर्थ गरीब रोगियों के लिए बहुत उपयोगी है। आप गरीब मरीजों के लिए सस्ता जॉ प्वाइंट (टेम्पोरामैंडिबुलर ज्वाइंट) तैयार कर रहे हैं। दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय को इंडिया टुडे/आउटलुक पत्रिका इत्यादि जैसी विभिन्न एजेंसियों द्वारा पहले और दूसरे स्थान पर रखा गया है। डीन के रूप में आपके कार्यकाल के दौरान, दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय को ब्रिटेन के रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन और सर्जन ग्लासगो द्वारा भी मान्यता दी गई है, एक डीन के रूप में आपके परामर्शी नेतृत्व में मिला यह एक असाधारण सम्मान है।

5. आपको कई अंतर्राष्ट्रीय सदस्यता और फैलोशिप मिली हुई हैं जिनके कुछेक नाम ये हैं:- एमएफडीएस आरसीपीएस(ग्लासगो यूके), बीएओएमएस (यूके), एफपीएफए (यूएसए), एफआईसीओआई (यूएसए), एफआईसीडी (यूएसए), डब्ल्यूएचओ फेलोशिप (स्विट्जरलैंड),टीसी व्हाइट फैलोशिप (ग्लासगो यूके), एओ फैलोशिप (जर्मनी)।आपको ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के क्षेत्र में भी कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जिनमें से कुछेक नाम ये हैं:- वाग्भट्ट चिकित्सा सेवा गौरव पुरस्कार, उ.प्र. रतन पुरस्कार, नागरिक गौरव पुरस्कार, अवध कोहिनूर पुरस्कार, अहफाम-ए-ज़ामासोसायटी द्वारा पब्लिक एप्रीसिएशन अवार्ड, समग्र सेवा संस्थान द्वारा अवध सम्मान, यूपीएओएमएसआई में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, बेस्ट प्रोफेसर एंड एचओडी अवार्ड, ईईटी सीआरएस 5 वीं साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवार्ड्स से बेस्ट फैकल्टी अवार्ड, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से बेस्ट टीचर अवार्ड, क्रैनियोफेशियल रिसर्च फाउंडेशन एकेडमी से बेस्ट टीचर अवार्ड, इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ़ डेंटिस्ट से बेस्ट टीचर अवार्ड, अवधनामा टीचर ऑफ दी टीचर्स अवार्ड, इंडिया इंटरनेशनल सोसाइटी द्वारा भारत गौरव पुरस्कार, डॉ एजाज़ रिज़वी मेमोरियल ट्रॉफी आदि।